■ अमरावती ■ सोमवार, 15 जून 2026 ■ अमरावती, नागपुर, अकोला, यवतमाल, बुलढाणा, वाशिम व वर्धा का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक ■ अंक - 135 ■ वर्ष - 33 ■ पृष्ठ - 16 ■ मूल्य - 6.00 रु. डाक पंजीयन ATI/RNP/052/2015-2017/आर. एन.आई. क्र. 63271/94

प्रतिदिन 33 वां वर्ष अखबार

## कॉकरोच जनता पार्टी का बेंगलुरु में जोरदार प्रदर्शन

**एजेंसी/ प्रतिदिन अखबार**
**बेंगलुरु, 14 जून-** कॉकरोच जनता पार्टी ने रविवार को बेंगलुरु में प्रदर्शन किया. इस दौरान अभिनेता प्रकाश राज भी प्रदर्शन में शामिल हुए. उनके हाथ में एक फूल था. बारिश के बीच बड़ी संख्या में लोग पोस्टर और छाते लेकर पहुंचे. प्रदर्शनकारियों ने नीट पेपर लीक और सीबीएससी की ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रक्रिया में कथित गड़बड़ियों को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की, इससे पहले हैदराबाद के धरना चौक पर भी प्रदर्शन हुआ था, जहां सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने लोगों को संबोधित किया.

## अधिकारियों पर हमले का आरोपी कैदी बरी

**एजेन्सी, प्रतिदिन अखबार**
**ठाणे, 14 जून -** एक सत्र अदालत ने 2017 में ठाणे सेंट्रल जेल के अंदर अधिकारियों पर हमला करने के आरोपी 25 वर्षीय कैदी को बरी कर दिया. अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपों को साबित करने में विफल रहा है. अदालत ने फैसले में अरमान नफीस खान को बरी कर दिया. अभियोजन पक्ष के अनुसार, खान ने 2 मार्च, 2017 को ठाणे सेंट्रल जेल की हाई-सिक्योरिटी बैरक में जेल अधिकारी संभाजी पिसे और दो अन्य कर्मचारियों पर धातु की पट्टी से हमला किया था.

## रूस पर 100 से ज्यादा ड्रोन हमले

**एजेन्सी, प्रतिदिन अखबार**
**मॉस्को, 14 जून -** यूक्रेन ने शुक्रवार रात रूस पर 100 से ज्यादा ड्रोन हमले किए. हमलों में एक व्यक्ति मारा गया. तीन गंभीर रूप से घायल हैं. हमलों के कारण टेमर्युक जिले की एक बंदरगाह पर भीषण आग लग गई और सुविधा केंद्रों को भी नुकसान पहुंचा. यह इलाका केर्च जलडमरूमध्य के पास है, जो मुख्य रूस को क्रीमिया प्रायद्वीप से अलग करता है.

## पाकिस्तान में सुरक्षाबलों ने 21 आतंकी ढेर किए

**एजेन्सी, प्रतिदिन अखबार**
**पेशावर, 14 जून -** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पिछले तीन दिनों में सुरक्षाबलों के अभियान में 21 आतंकवादी मारे गए. सेना की मीडिया शाखा ने यह जानकारी दी. सेना ने बताया कि पिछले 72 घंटों में उत्तरी वजीरिस्तान जिले में जो आतंकी मारे गए उनमें से ज्यादातर टीटीपी से जुड़े थे.

# वेलकम मानसून : अमरावती में बरसे मेघ

**प्रतिनिधि/ प्रतिदिन अखबार**
**अमरावती-** देर करते -करते आखिर विदर्भ में अमरावती पर मानसून मेहरबान हो ही गयी. रविवार, 14 जून को मानसूनी बारिश ने अमरावती सहित विदर्भ में दस्तक दे दी है. उल्लेखनीय है कि विगत 4-5 दिनों से विदर्भ के आसमान बादलों ने डेरा डाल रखा था. इसके चलते विदभ4 के अधिकतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की जा रही थी. रविवार, 14 जून को अमरावती सहित अकोला व विदर्भ के कुछ हिस्सों में मानूसन का बारिश ने अपनी आमद दर्ज करवाई. इसके चलते गर्मी से तपते अमरावती वासियों को गर्मी से राहत मिली है. हालांकि मौसम विभाग मानसून के आगमन की पुष्टि नहीं की है, लेकिन मौसम के जानकारों का मानना है कि

### अकोला में भी हुई झमाझम बारिश



मानसून की बारिश का आगाज हो गया है. अमरावती में रविवार, 14 जून की रात रात 8 बजे के दौरान आई अचानक तेज बारिश के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया. इस बारिश के कारण शहर का ट्रैफिक कुछ समय के लिए थम गया था. वहीं बारिश के बाद सड़कों पर जमा हुए पानी से दोपहिया चालक और पैदल यात्री परेशान होते रहे.

**तपती गर्मी से मिली राहत :** अमरावती में रात 8 बजे हुई बारिश के कारण अमरावती के लोगों को तपती बारिश से राहत मिली है. बारिश के कारण गर्मी की तपन तो कम हुई लेकिन इससे बढ़ी उमस ने लोगों को हलाकान कर दिया.

**ट्रैफिक जाम से जूझते दिखे वाहन चालक :** बारिश के चलते शहर में जगह-जगह हल्का ट्रैफिक जाम दिखाई दिया. बारिश के बीच वाहन चालक कई जगहों पर ट्रैफिक से जूझते हुए देखे गए. वहीं बारिश से सड़कों पर जमा हुए पानी ने दोपहिया वाहन चालकों को काफी परेशान किया.

शेष पृष्ठ 2 पर

**अकोला में तेज हवा के साथ हुई झमाझम बारिश :** रविवार, 14 जून को अकोला में तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश ने अपना रौद्र रूप दिखाया. इसे देख कर स्थानीय स्तर पर कहा जा रहा है कि मानसून अकोला तक पहुंच गया है. उल्लेखनीय है कि मौसम विभाग ने विदर्भ में तीन-चार दिनों की देरी से मानसून के पहुंचने की संभावना व्यक्त की थी. इस बीच रविवार, 14 जून को अकोला शहर में दोपहर बाद तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश हुई. इसके चलते स्थानीय स्तर पर कहा जा रहा है कि मानसून ने अकोला में दस्तक दे दी है. लेकिन मौसम विभाग ने अभी अकोला में मानसून के पहुंचने की पुष्टि नहीं की है.

# वंचित के समर्थन पर कांग्रेस की दुविधा

### आज-कल में होगा दूध का दूध, पानी का पानी!





**प्रतिनिधि/ प्रतिदिन अखबार**
**अमरावती-** अमरावती विधान परिषद चुनाव के बहाने महाविकास आघाड़ी और कांग्रेस के भीतर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं. वंचित बहुजन आघाड़ी के उम्मीदवार नीलेश विश्वकर्मा को कांग्रेस समर्थन दें, यह प्रस्ताव पिछले पांच दिनों से लंबित है. महाविकास आघाड़ी के पास मौजूद मतों में सेंध लगने की आशंका स्थानीय नेताओं को सता रही है, जिसके कारण समर्थन देने के मुद्दे पर कांग्रेस में भारी असमंजस की स्थिति बनी हुई है. इस पृष्ठभूमि में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बबलू देशमुख ने कहा है कि कांग्रेस अपनी आधिकारिक भूमिका आगामी सोमवार या मंगलवार को आयोजित पत्रकार परिषद में स्पष्ट करेगी.

**प्रदेशाध्यक्ष ने गेंद स्थानीय नेताओं के पाले में डाली :** दूसरी ओर, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने इस

शेष पृष्ठ 2 पर

### प्रकाश आंबेडकर के डर से कांग्रेस बैकफुट पर?



अमरावती विधान परिषद चुनाव में महाविकास आघाड़ी के पास लगभग 150 मतदाता हैं. लेकिन इनमें से अधिकांश मतों में टूट होने की आशंका कांग्रेस के स्थानीय नेताओं को साफ दिखाई दे रही है. ऐसी स्थिति में यदि कांग्रेस ने वंचित बहुजन आघाड़ी को सार्वजनिक समर्थन दे दिया और इसके बावजूद नीलेश विश्वकर्मा को सभी वोट नहीं मिले, तो बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा हो सकता है. कांग्रेस नेताओं को आशंका है कि समर्थन देने के बाद भी यदि अपेक्षित वोट नहीं मिले तो वंचित बहुजन आघाड़ी के प्रमुख प्रकाश आंबेडकर पूरे राज्य में यह प्रचार करेंगे कि कांग्रेस ने विश्वासघात किया है. राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि इसी डर के कारण पिछले पांच दिनों से समर्थन का निर्णय टलता जा रहा है.

### आज उधार, कल नगद

वंचित बहुजन आघाड़ी के उम्मीदवार नीलेश विश्वकर्मा ने मतदाताओं के साथ सीधे पांच की बोली लगाना शुरू कर दिया है. चर्चा तय होते ही मतदाता के हाथ में बाकायदा एक टोकन दिया जा रहा है और यह आश्वासन दिया जा रहा है कि ₹शेष पूरी रकम चुनाव परिणाम आने के बाद दी जाएगी. हालांकि, मतदाताओं के बीच यह सवाल भी उठ रहा है कि कहीं यह चुनाव आज उधार, कल नगद वाली स्थिति तो नहीं बनता जा रहा है?

# उद्धव की बैठक में चार सांसद पहुंचे मातोश्री

**एजेंसी/प्रतिदिन अखबार**
**मुंबई, 14 जून-** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रविवार को अपने आवास 'मातोश्री' पर सभी सांसदों की बैठक बुलाई, हालांकि नौ सांसदों में से केवल चार बैठक में व्यक्तिगत रूप से शामिल हुए, जबकि पांच फोन या ऑनलाइन माध्यम से जुड़े. सांसद अनिल देसाई , राजाभाऊ वाजे, संजय दीना पाटिल और अरविंद सावंत बैठक में व्यक्तिगत रूप से मौजूद थे, जबकि बाकी पांच सांसदों ने ऑनलाइन हिस्सा लिया.

**क्या बोले राऊत -** संजय राऊत ने बताया कि पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने आज संसदीय दल की बैठक बुलाई, जैसा कि आमतौर पर

### ऑनलाइन के माध्यम से जुड़े पांच एमपी

होता है. अरविंद सावंत, संजय दीना पाटिल, अनिल देसाई और राजाभाऊ वाजे बैठक में व्यक्तिगत रूप से मौजूद थे, बाकी पांच सांसदों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक में हिस्सा लिया, इनमें से ओमराजे निंबालकर पुणे के दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल से शामिल हुए, जहां उनके बेटे का इलाज चल रहा है.

**बाकी सांसद क्यों नहीं आए-** संजय राऊत ने आगे कहा कि सांसद भाऊसाहेब वाकचौरे की पत्नी बीमार हैं, इसके बावजूद वे शिर्डी के एक अस्पताल से ऑनलाइन बैठक में शामिल हुए, वहीं नागेश अष्टिकर के बेटे विधान परिषद का चुनाव लड़ रहे हैं, इसलिए अष्टिकर ऑनलाइन



शामिल हुए. यवतमाल-वाशिम के सांसद संजय देशमुख के घर पर उनकी बेटी की शादी से जुड़ी बैठक की तैयारी चल रही है, इसलिए वे अपने आवास से ऑनलाइन बैठक में शामिल हुए. सभी नौ सांसद इस बैठक में शामिल हुए. उद्धव ठाकरे ने बैठक के दौरान मार्गदर्शन दिया और अगले महीने एक और बैठक होगी.

**जो सांसद मातोश्री पहुंचे-** अनिल देसाई, राजाभाऊ वाजे. संजय दीना पाटिल, अरविंद सावंत
**ऑनलाइन जुड़े सांसद-** ओमराजे नंबालकर, भाऊसाहेब वाकचौरे, नागेश अष्टिकर, संजय देशमुख

**ऑपरेशन टाइगर पर राऊत का जवाब-** ऑपरेशन टागर के सवाल पर संजय राऊत ने पलटवार करते हुए कहा कि डरने की क्या बात है? अरे, छोड़िए भी, क्या हम डरने वाले लोग हैं? हमारी पूरी संसदीय टीम एकजुट है, हम मजबूत हैं और मजबूत बने रहेंगे. आप किस 'ऑपरेशन टाइगर' की बात कर रहे हैं? हम खुद शेर हैं और हम 'ऑपरेशन वुल्फ' शुरू करने जा रहे हैं.

## ओमान में भारतीय नागरिक की मौत

**एजेंसी/ प्रतिदिन अखबार**
**ओमान,14 जून-** भारतीय दूतावास ने रविवार को कहा कि समुद्र में एक जहाज पर मेडिकल दिक्कतों के कारण जान गंवाने वाले भारतीय नागरिक निशांत उर्थनाथन के शव को जल्द से जल्द भारत लाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है. दूतावास ने बताया कि वह मृतक के परिवार, जहाज के क्रू सदस्यों और संबंधित अधिकारियों के लगातार संपर्क में है. दूतावास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि वह स्थानीय ओमानी प्रशासन, बंदरगाह अधिकारियों और शिपिंग कंपनी के साथ समन्वय कर रहा है. दूतावास के अनुसार, निशांत उर्थनाथन की एमटी सेलेस्टियल जहाज पर मेडिकल दिक्कतों के कारण मौत हो गई.

# मुरैना में ट्रेन से कटकर चार की मौत

**एजेंसी/ प्रतिदिन अखबार**
**मुरैना, 14 जून-** जिले के हेतमपुर और घेर रेलवे स्टेशनों के बीच रविवार शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, उदयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह फैलने के बाद घबराए यात्रियों ने चेन पुलिंग कर ट्रेन रोक दी, इसके बाद कुछ यात्री ट्रेन से उतरकर रेलवे ट्रैक पर आ गए और दूसरी लाइन पर आ रही पातालकोट एक्सप्रेस की चपेट में आ गए.

हादसे में तीन महिलाओं और एक मासूम बच्चे समेत कुल छह लोगों की मौत की सूचना है, जबकि कई अन्य यात्री घायल बताए जा रहे

### आग की अफवाह सुनतक नीचे कूदे यात्री



हैं. हालांकि मृतकों और घायलों की संख्या को लेकर प्रशासन की ओर से आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है. मिली जानकारी के मुताबिक, उदयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस ग्वालियर से मुरैना की ओर जा रही थी. इसी दौरान किसी यात्री ने डिब्बे में आग लगने की बात कही, जिससे बोगी में अफरातफरी मच गई. घबराए यात्रियों ने आपातकालीन चेन खींचकर ट्रेन रोक दी और कई लोग नीचे उतर गए. इसी दौरान पास की लाइन पर धौलपुर की ओर से आ रही पातालकोट एक्सप्रेस वहां पहुंच गई और कुछ यात्री उसकी चपेट में आ गए.

# ईरान परमाणु हथियार नहीं बनाएगा

### होर्मुज स्ट्रेट खुलेगा, तेल बैन हटेगा, अमेरिका के समझौता ड्राफ्ट पर सहमत

**एजेंसी/ प्रतिदिन अखबार**
**तेहरान,14 जून-** ईरान और अमेरिका के बीच ड्राफ्ट मेमोरेंडम के तहत अमेरिका इस बात पर सहमत हो गया है कि जब तक फाइनल डील नहीं हो जाती, तब तक वह ईरान पर कोई नया बैन नहीं लगाएगा. सीनियर ईरानी अधिकारी के अनुसार जब तक फाइनल डील नहीं हो जाती, ईरान न्यूक्लियर स्टेटस क्वो बनाए रखने पर सहमत है, जिसमें यूरेनियम एनरिचमेंट या



न्यूक्लियर फैसिलिटी को बढ़ाना शामिल नहीं है.

ड्राफ्ट मेमोरेंडम के तहत, अमेरिका ईरान के 25 बिलियन डॉलर की फ्रीज संपत्ति को रिलीज करने पर सहमत है, जिसमें डायरेक्ट कैश ट्रांसफर, रीजनल देशों के बीच कोऑपरेशन और फाइनेंशियल क्रेडिट लाइन शामिल हैं. ड्राफ्ट मेमोरेंडम के तहत, ईरान सभी कमर्शियल जहाजों के लिए होर्मुज स्ट्रेट को तुरंत फिर से खोल देगा, जबकि अमेरिका नेवल ब्लॉकेड हटा देगा. इसके साथ ही अमेरिका एक तय समय के लिए ईरान पर लगे तेल बैन हटा देगा, जिससे ईरान तेल बेच सकेगा और रेवेन्यू पा सकेगा.

## तृणमूल नेता का बेटा दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार

### लोगों ने मिलकर पीटा

**एजेंसी/ प्रतिदिन अखबार**
**कोलकाता, 14 जून-** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में नैहाटी नगर पालिका अध्यक्ष व तृणमूल कांग्रेस के नेता अशोक चटर्जी के बेटे अविजीत चटर्जी को पुलिस ने दुष्कर्म, हत्या के प्रयास समेत कई गंभीर आरोपों में गिरफ्तार किया है. शनिवार को गिरफ्तारी के बाद उसे बैरकपुर उपमंडलीय अदालत में पेश किया गया. कोर्ट ले जाते समय लोगों ने उसकी पिटाई की और उसके ऊपर जूते व अंडे फेंके.

# टीएमसी के बागी सांसद एनसीपी में शामिल होंगे

### लोकसभा स्पीकर से मिले, काकोली बोली एनडीए को हमारा समर्थन

**एजेन्सी, प्रतिदिन अखबार**
**नई दिल्ली, 14 जून -** तृणमूल कांग्रेस के बागी सांसदों ने आज दिल्ली में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से उनके आवास पर मुलाकात की. इससे पहले ये टीएमसी नेता बीजेपी नेता भूपेंद्र यादव से मिले. वहीं बागी खेमे की सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने दावा किया कि दो और सांसद बागी खेमे में शामिल होने वाले हैं, जिससे लोकसभा में इस गुट में सदस्यों की संख्या बढ़कर 22 हो जाएगी. सूत्रों का कहना है कि टीएमसी के बागी सांसद एनसीपीआई में विलय कर सकते हैं.पार्टी के अंदर चल रही



खींचतान के बीच, बागी तृणमूल कांग्रेस सांसद काकोली घोष दस्तीदार, सुदीप बंद्योपाध्याय, शताब्दी रॉय और अन्य रविवार को राजधानी में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के घर पहुंचे ताकि सदन में बैठने की अलग व्यवस्था की मांग कर सकें. इससे पहले दिन में, कुछ बागी ळटउ सांसद केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव के घर पहुंचे थे. बागी टीएमसी सांसद सायनी घोष, माला रॉय, शताब्दी रॉय, अरूप चक्रवर्ती और काकोली घोष ने राजधानी में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव से मुलाकात की. इसी तरह, कोलकाता में भी टीएमसी नेताओं गौतम देब और चंद्रिमा भट्टाचार्य के टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी के आवास पर पहुंचने के साथ बातचीत हुई. पार्टी के बागी सांसद किसी दूसरे राजनीतिक दल में शामिल हो सकते हैं और उसके बाद केंद्र में बीजेपी के नेतृत्व वाले नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस को समर्थन दे सकते हैं. सूत्रों के मुताबिक, ऐसा करने से अलग संसदीय समूह बनाने से जुड़ी तकनीकी और कानूनी अड़चनों को दूर करने में मदद मिलेगी. माना जा रहा है कि इस नए गुट का नाम 'नेशनलिस्ट सिटिजन पार्टी' होगा और इसका मुख्य राजनीतिक फोकस पश्चिम बंगाल, असम और त्रिपुरा पर होगा.


